तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 7 मई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
कुसमुंडा खदान में भूविस्थापितों का हल्लाबोल, 5 घंटे थमे मशीनों के पहिए



## खबर संक्षेप

### आज से आयोजित होगा सुशासन तिहार शिविर

**कोरबा।** निगम के कोरबा जोन कार्यालय में 7 मई को सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया जायेगा। प्रदेश के उद्योग, वाणिज्य, सार्वजनिक उपक्रम, आबकारी व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन बतौर मुख्य अतिथि शिविर का शुभारंभ करेंगे, वहीं उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के द्वारा की जायेगी। कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने सुशासन तिहार शिविर की त्रुटिरहित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने व शिविर का सफल संचालन किये जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप निगम क्षेत्रांतर्गत सुशासन तिहार 2026 का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन पत्र आमनागरिकों से प्राप्त किये जायेगे तथा उन पर निर्धारित समयसीमा के अंदर निराकरण की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इसी कड़ी में 7 मई को कोरबा जोन कार्यालय में सुशासन तिहार शिविर प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक आयोजित होगा, जिसका शुभारंभ दोपहर 12 बजे उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के हाथों किया जायेगा।

### डीएमएफ में नई टोल-फ्री हेल्पलाइन सेवा शुरू

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत की पहल पर कार्यालय जिला खनिज संस्थान न्यास ने आम नागरिकों तक अपनी सेवाओं को और अधिक सुगम, पारदर्शी और त्वरित बनाने के उद्देश्य से एक समर्पित टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800-233-1750 की शुरुआत की है। यह कदम प्रशासन और नागरिकों के बीच संवाद को मजबूत करने के साथ-साथ डिजिटल इंडिया के प्रयासों को गति देने वाला महत्वपूर्ण निर्णय है। नई हेल्पलाइन सेवा का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है।

### डिजिटल संरक्षण से सुरक्षित हुई अमूल्य धरोहर रूपी प्राचीन पांडुलिपियां

**कोरबा।** जिले के विभिन्न प्राचीन, ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों में सर्वेक्षण कर उन पांडुलिपियों का संकलन एवं संरक्षण किया जा रहा है, जो अब तक निजी संरक्षण में सुरक्षित थीं और सार्वजनिक रूप से प्रकाश में नहीं आ सकी थी। इसी कड़ी में आज कोरबा नगर के समीप स्थित अत्यंत प्राचीन एवं आस्था के प्रमुख केंद्र श्रीराम गुफा मंदिर सीतामढ़ी में जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में ज्ञानभारतम राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान के जिला समन्वयक सतीश प्रकाश सिंह की अगवाई में ज्ञानभारतम दूत युवा टीम कोरबा द्वारा विस्तृत सर्वेक्षण किया गया। यह स्थल न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि अपनी प्राचीन गुफाओं एवं सांस्कृतिक परंपराओं के कारण महत्ता भी रखता है। वर्षों से साधना, श्रद्धा एवं सांस्कृतिक निरंतरता का केंद्र रहा यह स्थल पुनः एक नई पहचान के साथ उभरकर सामने आया, जब यहां 14 अत्यंत दुर्लभ एवं प्राचीन पांडुलिपियों का प्राप्त होना सुनिश्चित हुआ।

# सेजस के 79 पदों पर होगी भर्ती, हरदीबाजार में सबसे कम दो पद हैं रिक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के लिए 79 पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाए गए हैं। स्वामी आत्मानंद पंप हाउस स्कूल में व्याख्याता और शिक्षक तथा सहायक शिक्षक के एक भी पद रिक्त नहीं बताए गए हैं। शेष अन्य स्कूलों में सभी पदों पर भर्ती होगी। 25 मई तक अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

लंबे समय बाद स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूलों को शिक्षक एवं गैर शिक्षकीय स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। बीते तीन वर्षों से भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही थी। पिछले वर्ष रिक्त पदों पर की गई भर्ती में दो वर्ष पूर्व लिए गए आवेदन से ही भर्ती प्रक्रिया किए जान के कारण अधिकांश पदों पर अभ्यर्थी नहीं मिले। शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए भर्ती प्रक्रिया जल्दी शुरू किए जाने से एक बार फिर शिक्षकों की कमी से जूझ रहे अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों को व्याख्याता से लेकर शिक्षक, सहायक शिक्षक, प्रयोगशाला सहायक, व्यायाम शिक्षक तथा ⏭ शेष पेज 3 पर

### विभाग ने जारी किया विज्ञापन, ऑनलाइन करना होगा आवेदन

**खास बातें**

- 25 मई तक अभ्यर्थियों को करना होगा आवेदन
- भर्ती प्रक्रिया से दूर होगी शिक्षकों की कमी




### भर्ती प्रक्रिया में नहीं होंगे साक्षात्कार

रिक्त पदों पर भर्ती के लिए इस बार साक्षात्कार की प्रक्रिया नहीं अपनाई जाएगी। अभ्यर्थियों के संबंधित विषयों पर प्राप्त अंकों के आधार पर ही मेरिट सूची तैयार की जाएगी। उसके आधार पर भर्ती की जाएगी। इसके साथ ही आरक्षण संबंधी सभी नियम भी भर्ती प्रक्रिया में लागू किए गए हैं।

### कितने पदों पर होगी भर्ती

विभागीय द्वारा जारी किए गए विज्ञापन के तहत व्याख्याता के 11 पद पर भर्ती होगी। जिसके लिए स्नातकोत्तर की डिग्री अनिवार्य की गई है। इसी तरह शिक्षक के 22 पदों पर भर्ती होगी, जिसके लिए स्नातक के साथ बीएड की डिग्री अनिवार्य की गई है। सहायक शिक्षक के 3 पदों पर भर्ती होगी। जिसके लिए स्नातक के साथ बीएड या डीएलएड की डिग्री अनिवार्य रखी गई है। इसके अलावा कम्प्यूटर शिक्षक के 2 पद पर भर्ती होगी। शिक्षक पदों पर भर्ती के लिए गैर शिक्षकीय पद में एक पद सहायक ग्रेड का, प्रयोगशाला सहायक के 6 पद, व्यायाम शिक्षक के 2 पद, इसके अलावा ग्रंथालय के दो पदों पर भर्ती की जाएगी।

## रात 2 बजे विद्युत व्यवस्था हो पाई बहाल

# मौसम की मार, शहर के सब स्टेशन का पावर ट्रांसफार्मर फेल, देर रात तक छाया रहा अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो दिनों से लगातार मौसम अचानक करवट बदल रही है और तेज आंधी तूफान के साथ आकाशीय बिजली भी चमक रही है। जिसकी वजह से मंगलवार को जिले में झमाझम बारिश हुई थी। जिससे जिले की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई थी। देर रात तक विद्युत व्यवस्था को किसी तरह तो बहाल कर लिया गया लेकिन शहर के शिवाजी नगर स्थित सब स्टेशन में लगे एक पावर ट्रांसफार्मर फेल हो गया है लेकिन अधिकारी उसे तकनीकी खामी बता रहे हैं। जिसकी चलते कई क्षेत्र देर रात तक अंधेरे में डूबा रहा। अभी अस्थायी तौर पर अन्य सब स्टेशन में लोड डिवाईड कर विद्युत आपूर्ति कर विद्युत व्यवस्था को किस तरह बहाल किया गया है।

**खास बात**

- अन्य सब स्टेशन से जोड़ककर किया गया लोड डिवाईड


फेल पावर ट्रांसफार्मर का निरीक्षण करते विद्युत विभाग के अधिकारी।

### गर्मी बढ़ने पर बढ़ सकती है परेशानी

विद्युत विभाग के अफसर की माने तो पावर ट्रांसफार्मर के खराब होने पर लोड डिवाईड किया गया है जिससे निहारिका टॉकीज के समीप सीएसईबी कॉलोनी में नवनिर्मित सब स्टेशन बनाया गया है फिलहाल अभी इस सब स्टेशन से डॉ राजेंद्र प्रसाद नगर और निहारिका, सीएसईबी कॉलोनी को विद्युत आपूर्ति की जा रही है जबकि मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज के समीप बने सब स्टेशन से एमपी नगर फाइटर को विद्युत आपूर्ति की जा रही है अलग-अलग स्थान से लोड डिवाइड कर पूरे इलाके को विद्युत आपूर्ति की जा रही है अभी मौसम ठंडा है इसलिए ज्यादा लोड की समस्या नहीं है एक-दो दिनों के भीतर यदि गर्मी में भीषण रूप ले लिया तो निश्चित तौर पर इन सब स्टेशनों पर दबाव पड़ेगा और लोड बढ़ने पर ट्रांसफार्मर पर खतरा मंडरा सकता है।

उल्लेखनीय की मंगलवार की शाम एक बार फिर से मौसम अचानक करवट बदली थी और तेज आंधी बारिश के साथ आकाशीय बिजली चमकी थी। जिसकी वजह से शहर के कई इलाकों में अंधेरा छा गया था और कई स्थानों पेड़ विद्युत तारों पर टूट कर गिर गया था जिसकी वजह से शहर के कई क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था ध्वस्त हो गई थी। बारिश थमते ही विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की टीम अलग-अलग क्षेत्रों पर पेट्रोलिंग पर निकले और इसी तरह एक एक क्षेत्र के विद्युत व्यवस्था को चार्ज किया गया। वहीं दूसरी ओर पाड़ीमार जोन अंतर्गत आने वाले शिवाजी नगर सब स्टेशन में लगे पावर ट्रांसफार्मर फेल हो गया है, जिसे विद्युत विभाग के अफसर तकनीकी खामी बता रहे हैं। जिसकी वजह से डॉ राजेंद्र प्रसाद नगर निहारिका, एमपी नगर, शिवाजी नगर, आरएसएस नगर, कृष्णा नगर, दादर सहित आसपास पूरा क्षेत्र अंधेरे ⏭ शेष पेज 3 पर

### किया गया है लोड डिवाईड

पाड़ीमार जोन के अंतर्गत आने वाले शिवाजी नगर सब स्टेशन में लगे 5एमवीए पावर ट्रांसफार्मर में तकनीकी खामी आई है जिसे जल्द ही बदल दिया जाएगा। फिलहाल अभी पूरे इलाके में विद्युत आपूर्ति करने के लिए अलग-अलग सब स्टेशन में लोड डिवाइड कर विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

-**राजेश चौहान,** डीई विद्युत वितरण विभाग, शहर कोरबा

# चौबीस घंटे बाद भी दो दर्जन गांवों में नहीं लौटी बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मंगलवार को मौसम के बदलते तेवर और आंधी बारिश ने जमकर तबाही मचायी है, 24 घंटे बीत जाने के बाद भी कोरबा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले दो दर्जन वनांचल क्षेत्र के गांव अंधेरे में डूबा हुआ है। विद्युत विभाग के अफसरों का कहना है कि विद्युत व्यवस्था को बहाल करने टीम लगी हुई लेकिन आंधी बारिश ने जमकर तबाही मचायी है जिसके चलते व्यवस्था को दुरुस्त करने में समय लग रहा है।

**खास बात**

- आंधी, बारिश से वनांचल क्षेत्र के कई विद्युत तार टूटने से छाया है अंधेरा

उल्लेखनीय है कि विद्युत वितरण कोरबा ग्रामीण अंतर्गत आने वाले कई इलाकों में मंगलवार की शाम हुई आंधी बारिश ने जमकर तबाही मचाई है। बताया जाता है कि कोरबा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले बरपाली, चचिया सहित आसपास के दो दर्जन गांव में मंगलवार की शाम 5 बजे से ब्लैक आउट के हलात पैदा हुए। बताया जाता है कि आंधी बारिश की वजह से विद्युत तार व पोल पर कई पेड़ टूटकर गिर गये हैं जिसके चलते बरपाली, जिल्गा, चचिया, गिरारी, गेरांव, कुदमुरा, सोनारी, सरनीडेरा से लेकर एक बड़ा हिस्सा फिर से अंधेरे में डूबा हुआ है। बताया गया कि बैगामार, चचिया और जिल्गा के साथ कुछ और क्षेत्र में अंधड़ के चक्कर में पेड़ों की टहनिया टूटकर विद्युत लाईन पर गिरी और उसे नुकसान पहुंचाया। विद्युत विभाग की टीम सुबह से ही विद्युत व्यवस्था को बहाल करने में जुटा हुआ है लेकिन बुधवार की शाम 7 बजे तक विद्युत व्यवस्था बहाल नहीं हो पायी थी जिसकी वजह से इस क्षेत्र में बसने वाले लोगों को पीने का पानी से लेकर कई तरह के समस्याओं का सामना करना पड़ा। बताया जाता है कि बरपाली ⏭ शेष पेज 3 पर


ग्राम बैगामार जहां टूटा हुआ है तार।

### विद्युत व्यवस्था बहाल करने लगी हुई है टीम

चिर्रा सब स्टेशन को पत्थल गांव से विद्युत आपूर्ति की जाती है। पत्थलगांव से 33 केवी की लाईन चार्ज नहीं हो पायी है। इस लाईन में भी तकनीकी खामी है जबकि करतला सब स्टेशन अंतर्गत आने वाले जिल्गा बरपाली सहित अन्य गांव को भी चार्ज करने के लिए बुधवार की सुबह से पूरी टीम लगी हुई है। कुछ गांव के विद्युत व्यवस्था को बहाल कर लिया गया है जबकि अन्य गांव को बहाल करने के लिए प्रयास जारी है।

-**शत्रुहन प्रसाद सोनी,** डीई विद्युत वितरण विभाग ग्रामीण कोरबा

# कुचेना अंडरब्रिज में पहली बारिश में भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कुसमुंडा बाईपास मार्ग स्थित कुचेना अंडरब्रिज में पहली ही बारिश ने विकास कार्यों की हकीकत उजागर कर दी है। एसईसीएल द्वारा निर्मित इस अंडरब्रिज में अचानक हुई बारिश के बाद भारी जलभराव हो गया, जिससे यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा। देखते ही देखते अंडरब्रिज पूरी तरह पानी से लबालब भर गया। पानी इतना अधिक था कि छोटे वाहन तो दूर, बड़े वाहनों की आवाजाही भी बाधित हो गई। वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और कई लोग जान जोखिम में डालकर पानी से भरे अंडरब्रिज को पार करते नजर आए।

**खास बात**

- एसईसीएल कुसमुंडा बाईपास का मामला, निर्माण पर उठे सवाल

स्थानीय लोगों का कहना है कि अंडरब्रिज पहले से ही काफी सकरा बनाया गया है। इसकी चौड़ाई कम होने के कारण यहां अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में बारिश के पानी के भराव ने समस्या को और गंभीर कर दिया है। लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया, जिसके कारण पहली ही बारिश में जल निकासी व्यवस्था की पोल खुल गई। यदि समय रहते स्थायी समाधान नहीं किया गया तो बारिश के दिनों में यहां किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। आज भोर में ठेकेदार द्वारा पंप लगाकर अंडरब्रिज से पानी निकाला जा रहा है। लेकिन सवाल यह उठता है कि यदि हर बारिश में इसी तरह पंप ⏭ शेष पेज 3 पर


अंडरब्रिज में बारिश के बाद भरा पानी।

# कोल इंडिया के 535 अधिकारी बने सीनियर मैनेजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोलइंडिया के एसईसीएल, बीसीसीएल, इसीएल, सीसीएल सहित अन्य अनुषंगी कंपनियों में विभिन्न संभागों के 535 अधिकारियों को सीनियर मैनेजर पद पर पदोन्नति दी गयी है। इनमें बीसीसीएल के विभिन्न संभागों के पांच दर्जन से अधिक अधिकारी शामिल हैं। इस संबंध में मंगलवार को कोल इंडिया की ओर से अधिसूचना भी जारी की गई है।

सिविल, एक्सकैवेशन, एचआर, माइनिंग, पर्यावरण, फाइनेंस, विधि, सेल्स एंड मार्केटिंग, जीडीएमओ, स्पेशलिस्ट, सर्वे व सिस्टम समेत अन्य संभाग के अधिकारियों को इ-5 से इ-6 ग्रेड में पदोन्नति दी गयी है। यानी मैनेजर से सीनियर मैनेजर के पद पर प्रमोट किया गया है। साथ ही पदोन्नति पाने वाले अधिकांश अधिकारियों का तबादला एक कंपनी से दूसरे कंपनी में कर दिया गया है। सर्वाधिक माइनिंग संभाग से 153 अधिकारियों को पदोन्नति दी गयी है। जबकी 78 एचआर, 12-12 सर्वे व सिस्टम, 28 सिविल, 35 ए एंड एम, 12 पर्यावरण, 51 एक्सकैवेशन, 53 फाइनेंस, 25 जियोलॉजी, 7 मेटेरियल मैनेजमेंट, 20 जीडीएमओ, 20 जीडीएमओ स्पेशलिस्ट व 5 स्पेशलिस्ट आदि शामिल है। बीसीसीएल में कार्यरत महाप्रबंधक (एमएम) पार्थ आशीष राम का तबादला इसीएल में कर दिया गया है। इस लेकर मंगलवार को कोल इंडिया की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गयी है। श्री राम अपने वर्तमान पद में ही इसीएल में पदस्थापित रहेंगे।




## कार्यालय संचालक, पैरामेडिकलकोर्स

**NSDC-SDMS केंद्र क्र. 86549**

**एकवर्षीय/द्विवर्षीय डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित**

निम्नतालिका अनुसार के विभिन्न संभागों के विभिन्न जिलों में वे किसी भी विषय में प्राप्तांकों के अनुसार के द्वारा प्रमाणित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| जिलों का नाम | (DMLT) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निक | (OT) पोस्ट डिप्लोमा इन ओटी टेक्निक | (DIALYSIS) डिप्लोमा इन डायलिसिस | (YOGA) (योगा) | (NURSING ASSISTANT) नर्सिंग असिस्टेंट | (WARD BOY) वार्ड ब्वॉय | (DRESSER) ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धमतरी | 20 | 20 | 10 | 10 | 20 | 20 | 10 |
| रायपुर | 60 | 30 | 30 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| बिलासपुर | 30 | 20 | 20 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| जांजगीर | 30 | 30 | 10 | 60 | 60 | 10 | 25 |
| सरायपाली | 30 | 20 | 10 | 60 | 60 | 20 | 25 |

**आवेदन हेतु 10 वीं, 12वीं कक्षा फेल, किसी भी ग्रुप वाले, जो हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। जो छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वाट्सअप नं. पर काउंसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (वाट्सअप नम्बर अनिवार्य है।) आवेदक को अपने अभिभावक के साथ आना अनिवार्य है।**

**नोट :-** (1) आवेदक निम्न दिए गए आवेदन पत्र को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर पूर्ण विवरण अपने हाथों से भरें और अपना स्वयं का पता स्पष्ट पूरा पिन कोड लिखकर रजिस्ट्री द्वारा निम्न पते पर भेजें। साथ ही 50 रुपए का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिखकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (2) केवल आवेदक ही काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। (3) सभी जिलों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है।

**आवेदक पत्र डाक द्वारा भेजने की तिथि** - 10.05.2026
**आवेदक पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि** - 11.06.2026

प्रति,
कार्यसंचालक (NSDC)
मॉडर्न इंस्ट्रीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साईंस (MIPS)
शीतला चौक, जलगृह मार्ग रोड़,
भाठागांव रायपुर (छ.ग.) पिन-492013

प्रति,
कार्य संचालक पैरा मेडिकल कोर्स

महोदय,
............................पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रही हूँ।
1. आवेदक का नाम ..................
2. पिता/पति का नाम ..................
3. जन्मतिथि अंकों में ..................
4. अनु. जाति /अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग ..................
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित ..................
मोबाइल नंबर ..................
6. केंद्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ..................
7. शैक्षणिक योग्यता ..................

Skill India
कौशल भारत-कुशल भारत

नोट : - (1) आवेदक द्वारा एक ही फॉर्म में यदि वे एक से अधिक कोर्स का चयन करते हैं तो (ऑब्लिक (/) करके या (,) का प्रयोग कर सकता है। (2) पूर्व में आवेदन किये हुए अभ्यर्थी फिर से आवेदन ना करें। (3) जो काउंसिलिंग में उपस्थिति दे पायें वे ही आवेदन करें।

## खबर संक्षेप



### 25 फीट उंचाई से गिरकर घायल मजदूर की मौत

**बिलासपुर**। बोरा फैक्ट्री में काम करने दौरान 25 फीट उंचाई से गिरकर घायल हुए मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक विकास सेंगर ने बताया, जांजी निवासी लक्ष्मी प्रसाद धीवर पिता भोला प्रसाद धीवर 45 साल पंधी स्थित बोरा फैक्ट्री में रोजी मजूदरी कर रहे थे। 4 मई की शाम वे फैक्ट्री में का कर रहे थे। काम करने के दौरान शाम 4.30 बजे 25 फीट उंचाई से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। फैक्ट्री प्रबंधन के द्वारा के द्वारा उन्हें इलाज के लिए नेहरू नगर स्थित श्रीराम केयर हास्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। रात 9 बजे इलाज के दौरान लक्ष्मी प्रसाद धीवर की मौत हो गई थी। सूचना पर 5 मई को पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

### दो भाइयों के साथ बाइक सवारों ने की मारपीट

**बिलासपुर**। खाना खाने ढाबा जा रहे दो भाइयों के साथ बाइक सवार युवकों ने मारपीट करते हुए मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, तिफरा मन्नाडोल निवासी गुलशन साहू पिता बेदराम साहू 4 मई को अपने मौसेरे भाई सतीश साहू के साथ ट्रांसपोर्ट नगर स्थित साहू होटल खाना खाने जा रहे थे। रात 10.30 बजे होटल के पहले बाइक सवार तीन युवक उन्हें रोककर गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। दोनों भाईयों ने बीच बचाव किया तो युवकों ने लोहे के लेगगार्ड से हमला कर सतीश साहू का मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। पुलिस ने गुलशन की रिपोर्ट पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 324, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### ऑटो रिपेयरिंग दुकान में लगी आग

**बिश्रामपुर**। बिश्रामपुर-भटगांव मार्ग में नगर पंचायत बिश्रामपुर के माईनर्स कॉलोनी स्थित दीपक ऑटो रिपेयरिंग सेंटर में मंगलवार की रात को अचानक आग लग गई,घटना में गैरेज के भीतर रखा ऑटो पार्ट्स का सामान सहित कई वाहन जलकर खाक हो गए। घटना में दुकान संचालक को करीब ढाई लाख रुपये का नुकसान होने की खबर है,दुकान संचालक किशोर सूर्यवंशी ने बताया कि बीती रात अचानक उनके दुकान में आग लगने की सूचना स्थानीय लोगों ने फोन से दी।



**मंगलवार शाम आंधी ने मचाई भारी तबाही**

# ट्रक, ट्रैक्टर, बाइक, साइकल और सिर पर, चारों ओर सिर्फ लकड़ी के गट्ठे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगलवार शाम छह बजे आई आंधी के प्रभाव से शहर और शहर से दस किलोमीटर के दायरे में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं बचा है, जहां पेड़ न गिरा हो। कहीं बीच सड़क पर, तो कहीं बिजली के तार पर। कहीं किसी की कार पर गिरे पेड़ ने तबाही का रौद्र रूप दिखाया। एक ओर जहां प्रशासन सड़क से पेड़ हटाकर पूरे दिन आवागमन दुरूस्त करने में जुटा नजर आया, वहीं दूसरी तरफ चारों ओर अपनी-अपनी व्यवस्था से लोग लकड़ियों को घर ले जाते नजर आए।

शहर में मंगलवार की शाम अचानक आई आधी से पूरा शहर तहस नहस हो गया। हवा की गति इतनी तेज थी कि छोटे से बड़े पेड़ बड़ी संख्या में टूट गए। इस दौरान कुछ स्थानों पर पेड़ के टूटकर सड़क पर गिर जाने के कारण आवागमन ठप हो गया था, वहीं ज्यादातर जगहों पर पेड़ की शाखाओं के गिरने के बाद सड़क पर आवागमन करने वालों ने ही सड़क पर से पेड़ की डगाल खींचकर किनारे कर दिया था। शहर से लेकर शहर के चारों दिशाओं में बड़ी संख्या में पेड़ गिरे नजर आए। इसके अंतर्गत विशेषकर कोटा रोड में मुंगेली नाका चौक में नगर निगम पेट्रोल पंप के पास, 36 मॉल के सामने, उसलापुर ओवरब्रिज के ठीक पहले, जैन इंटरनेशनल स्कूल के ठीक सामने, इसी रोड में एक शादी भवन के ठीक सामने, कानन पेंडारी-कोटा मोड़ पर, आगे रेशम विभाग के ऑफिस के ठीक सामने, भरनी भाठा स्थित धान संग्रहण केंद्र के सामने, इसी रोड पर आगे सेंट जेवियर स्कूल के ठीक सामने, भरनी में करिया महादेव मंदिर मोड़ पर एक बड़ा पेड़ गिरा पाया गया।



**दर्जनों पेड़ गिरे, मंगलवार पूरी रात, बुधवार दिन भर सड़क से पेड़ हटाता नजर आया प्रशासन**



### भरनी में बजली तार पर गिरकर लटका पेड़

आंधी के प्रभाव से भरनी में एक बड़ा पेड़ टूट गया, लेकिन टूटने के बाद जमीन पर गिरने के बजाय बिजली के तार पर ही लटक गया। किसी दुर्घटना की आशंका को ध्यान में रखकर क्षेत्र में रात में बिजली सप्लाई बंद कर दी गई थी, वहीं बुधवार को विद्युत विभाग के अमले ने मशीनरी लाकर तार पर लटके पेड़ को काफी मशक्कत के बाद नीचे गिराया।

### मिशन अस्पताल रोड में गिरा पेड़, रात भर चला राहत कार्य

आंधी के प्रभाव से मिशन अस्पताल रोड में एक बड़ा पेड़ गिर गया था। नगर निगम, बिजली विभाग एवं पुलिस प्रशासन द्वारा मिलकर देर रात तक सड़क से पेड़ हटाने का प्रयास किया जाता रहा। इस दौरान पुलिस वाहन को बीच रोड पर रखकर लोगों की आवाजाही रोक दी गई थी, ताकि कोई हताहत न हो सके।

### लकड़ी बटोरने में जुटा रहा पूरा परिवार

कोटा रोड में बड़ी संख्या में पेड़ गिरे हैं। गिरे पेड़ों को अपने-अपने घर ले जाने के लिए आसपास के ग्रामीण पूरे परिवार सहित सड़क पर नजर आए। इस दौरान वे पेड़ काटने की बड़ी इलेक्ट्रॉनिक आरी के अलावा हंसिया व टंगिया से पेड़ की डगाल काटकर ले जाते नजर आए।

## महिला पर चाकू से हमला, फरार आरोपी गिरफ्तार



**बिलासपुर**। रेलवे स्टेशन से पति के साथ घर लौट रही महिला पर मुल्कराज होटल के सामने दो युवकों ने हमला कर दिया था, पुलिस ने इस मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

तोरवा पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली लक्ष्मी सतनामी पति लक्ष्मीनारायण 4 मई की रात 8.30 बजे अपने पति के साथ रिश्तेदार को छोड़ने के लिए रेलवे स्टेशन गई थी। छोड़ने के बाद दोनों पति पत्नी पैदल घर लौट रहे थे। रात 9 बजे मुल्कराज होटल के सामने राजा व डैनी मिले और बिना करण के वाद विवाद करने लगे। लक्ष्मी ने गाली देने से मना किया तो राज ने जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से हमला कर दिया। बीच बचाव करने पर उनके हाथ की कलाई में चोट आई है। वहीं डैनी ने हाथ मुक्का से जमकर मारपीट की है। उनके पति लक्ष्मीनारायण ने बीच बचाव कर उन्हें बचाया है। चाकूबाजी की वारदात से होटल के सामने हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। पीड़ित महिला थाने में जाकर रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर राजा व डैनी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया था। 6 मई को टीआई रजनीश सिंह ने बल के साथ पतासाजी कर फरार आरोपी राज उर्फ डेनी कोसले पिता रमेश कोसले 22 साल नयापारा, उसके भाई राजा कोसले को गिरफ्तार कर चाकू जब्त कर लिया है।

## ब्राउन शुगर बिक्री के आरोप में आरोपी को कैद

**अंबिकापुर**। ब्राउन शुगर बिक्री के आरोप में आरोपी को कोर्ट ने सजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए 6 माह 24 दिन की सजा दी और पूर्व में न्यायिक अभिरक्षा में बिताई गई अवधि को समायोजित करने का निर्देश दिया है। न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 22 सितम्बर 2020 को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गोधनपुर पानी टंकी के समीप एक युवक अवैध मादक पदार्थ की बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर संदेही युवक खालपारा निवासी 34 वर्षीय प्रकाश गुप्ता आ. शिवनरायण गुप्ता को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली थी। तलाशी के दौरान युवक के हाफ पेंट की जेब से पीले रंग की प्लास्टिक पालीथिन में ब्राउन शुगर बरामद किया गया था। पुलिस ने आरोपी के पास से 10 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद करने के साथ ही उसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया था। ब्राउन शुगर के इस प्रकरण की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट के पीठासीन अधिकारी अतुल कुमार श्रीवास्तव के कोर्ट में हुई। सुनवाई में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र कुमार पांडेय ने की। इस दौरान कोर्ट ने आरोपी को दोषी मानते हुए उसे सजा सुनाई। न्यायालयीन सूत्रों के अनुसार आरोपी के न्यायिक अभिरक्षा में 22 सितम्बर 2020 से 15 अप्रैल 2021 तक कुल 6 माह 24 दिन की अवधि बिताई है।

**गुरूवार को होगा दोनों पक्षों का बयान**

# श्रीराम केयर अस्पताल में आरक्षक की मौत मामले में जांच टीम गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पथरी का ऑपरेशन कराने श्रीराम केयर अस्पताल आए आरक्षक की इलाज के दौरान मौत होने के मामले में कलेक्टर ने जांच के लिए पांच सदस्यों की टीम गठित की है। इसके अंतर्गत जांच की पहली कड़ी में गुरूवार को आवेदक व अनावेदक पक्ष को एसडीएम ऑफिस में बयान के लिए बुलाया गया है।

▪ पथरी के ऑपरेशन के लिए आए आरक्षक की इलाज के दौरान हो गई थी मौत

नेहरू नगर स्थित श्रीराम केयर अस्पताल में इलाज के दौरान आरक्षक की मौत के मामले में जिला प्रशासन द्वारा बड़ा निर्णय लिया गया है। आरक्षक के परिजनों के द्वारा इलाज में लापरवाही संबंधी लगातार आरोप लगाने एवं अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल के द्वारा पांच सदस्यीय जांच टीम गठित की गई है। जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कोई समय सीमा तो तय नहीं है, लेकिन टीम ने गठन के बाद से ही अपना काम प्रारंभ कर दिया है। इसी के मद्देनजर गुरूवार को एसडीएम बिलासपुर मनीष साहू के कक्ष में जांच टीम के सभी सदस्यों की उपस्थिति में आवेदक व अनावेदकों का बयान दर्ज किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मस्तूरी के पास एरमसहीं निवासी एवं सरकंडा थाने में पदस्थ आरक्षक सत्या पाटले को पेट दर्द की शिकायत के बाद श्रीराम केयर अस्पताल लाया गया था। यहां पथरी की जानकारी होने के बाद ऑपरेशन भी किया गया। इधर ऑपरेशन के बाद मरीज की हालत में सुधार होने के बाद फिर अचानक तबियत बिगड़ने लगी और शुक्रवार शाम छह बजकर बीस मिनट पर उसकी मौत हो गई। आरक्षक की मौत के बाद परिजनों ने इलाज में लापरवाही होने का आरोप लगाते हुए अस्पताल प्रबंधन पर कड़ी कार्रचाई की मांग करते हुए जमकर हंगामा मचाया था।

---

### सभी का लिया जाएगा बयान

श्रीराम केयर अस्पताल में इलाज के दौरान आरक्षक की मौत के मामले में जांच के लिए चार डॉक्टरों सहित पांच सदस्यीय टीम गठित की गई है। इसके अंतर्गत गुरूवार को जांच दल के सभी सदस्यों की उपस्थिति में आवेदक व अनावेदक का बयान लिया जाएगा।

-**मनीष साहू**, एसडीएम बिलासपुर

### एसडीएम की अध्यक्षता में चार डाक्टरों की संयुक्त टीम करेगी जांच

आरक्षक की मौत मामले में जांच के लिए पांच लोगों की टीम गठित की गई है, जिसमें बिलासपुर एसडीएम मनीष साहू भी प्रमुख रूप से अध्यक्ष के रूप में शामिल रहेंगे। जांच टीम में सदस्य के रूप में शामिल डॉक्टरों की टीम में डॉ रश्मि गुप्ता साव सहायक प्राध्यापक पैथोलॉजी विभाग, डा विनोद तामकनंद सहायक प्राध्यापक सर्जरी, डॉ नवनीत अग्रहरि सहायक प्राध्यापक मेडिसिन एवं डॉ अपर्णा मिश्रा सहायक प्राध्यापक निश्चेतना शामिल हैं।

## मानव वध मामले में पिता-पुत्र को 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश ने आपराधिक मानव वध मामले में पिता-पुत्र को दी 10-10 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। मृतक जगरनाथ को उसके पिता व भाई ने पहले हाथ पैर बांधा फिर घर के सामने पेड़ में उल्टा लटका कर बेदम पिटाई की जिससे गंभीर रूप से घायल हुए जगरनाथ की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई थी।

▪ भाई व पिता ने पेड़ में उल्टा लटका किया था जानलेवा हमला

जानकारी के अनुसार ग्राम पर्री निवासी धीरसाय सिंह ने थाना कोतवाली में 27 मई 2024 को सूचना दिया था कि 26 मई को पड़ोसी शांतिबाई ने उसे बताया कि जगरनाथ को उसके पिता राम भरोष एवं उसका भाई शिवचरण अपने घर के बाहर आम पेड़ में उल्टा लटकाकर मारपीट कर रहे है और वहीं बैठे है। साथ की किसी को भी बीच बचाव करने नहीं दे रहे है। इधर घटना की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची तब तक जगरनाथ घायल हालत में पेड़ में उल्टा लटका हुआ था। घायल को पेड़ से उतार संजीवनी 108 से अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पिता-पुत्र को हिरासत में लेकर पूछताछ किया तो आरोपी पिता-पुत्र ने बताया कि हमेशा बहुत परेशान करता था इसलिए मारपीट कर उल्टा लटकाये हैं। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 302, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले की विवेचना थाना प्रभारी विमलेश दुबे द्वारा की गई। विवेचना के दौरान दोनों आरोपियों के विरूद्ध पुख्ता साक्ष्य संकलित कर आरोपी रामभरोष सिंह आ. हरकलाल (55 वर्ष) व शिवचरण सिंह आ. रामभरोष (33 वर्ष)को गिरफ्तार कर तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश न्यायालय में पेश किया। प्रकरण का संचालन अपर लोक अभियोजक केके नाविक द्वारा किया गया। इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश डायमंड कुमार गिलहरे, तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश के यहां हुई। न्यायालय ने मामले की सुनवाई पूरी कर निर्णय 7 अप्रैल को प्रकरण के आरोपियों के विरुद्ध हत्या कारित किए जाने का अपराध प्रमाणित न पाते हुए उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आपराधिक मानव वध का अपराध प्रमाणित पाए जाने पर आरोपी रामभरोष सिंह व शिवचरण सिंह को धारा 304, 34 भारतीय दण्ड संहिता के अपराध हेतु 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास व 10-10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

## ऑपरेशन के समय नस काटने से हुई युवक की मौत आदिवासी समाज ने कलेटोरेट का किया घेराव



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आदिवासी समाज के लोगों ने कलेक्टोरेट का घेराव कर सड़क हादसे में मामूली रूप से घायल आदिवासी युवक के पैर का गलत आपरेशन करने का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है। परिजन का कहना है कि ऑपरेशन के दौरान पैर की नस काट दी गई, जिससे युवक की मौत हो गई है। यह भी आरोप है कि सीनियर डाक्टर के जगह जूनियर डाक्टर के द्वारा सर्जरी कर लापरवाही बरती गई है।

▪ परिजन ने कहा जूनियर डाक्टर ने की सर्जरी

रतनपुर पेंडरवा निवासी महेश सिंह राज 28 साल विगत 2 मई को पत्नी को लेकर रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र जाने के लिए निकले थे। इसी दौरान रास्ते में अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनके पैर में चोट आई थी। डायल 112 से उन्हें इलाज के लिए सिम्स लाया गया। महेश के भाई चरण सिंह राज ने बताया हादसे में महेश के पैर की हड्डी फ्रैक्चर हो गई थी, डाक्टरों ने पैर की टूटी हुई हड्डी को जोड़ने के लिए ऑपरेशन करने की जानकारी दी। उसके बाद महेश को ऑपरेशन थियेटर ले जाया गया। ऑपरेशन के बाद महेश को होश नहीं आया।

देर रात डाक्टरों ने परिजनों को बताया अधिक खून बह जाने के कारण उसकी मौत हो गई है। 6 मई को आक्रोशित परिजन व आदिवासी समाज के लोगों ने कलेक्टोरेट का घेराव कर आरोप लगाया है कि सीनियर डाक्टर की अनुपस्थिति में जूनियर डाक्टर ने जल्दबाजी में ऑपरेशन किया, जिससे मरीज के पैर की नस कट गई और खून का बहाव अधिक होने से उसकी मौत हो गई। समाज के लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## तस्कर अब बेखौफ होकर बिना अनुमति निजी भूमि से काट रहे पेड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर



क्षेत्र में सक्रीय लकड़ी तस्कर अब बिना अनुमति ही लोगों की जमीन पर अलगे सेमर के पेड़ों को काटने पर उतारू हो गए है। इस दौरान विरोध करने पर तस्करों द्वारा भूमि स्वामी को जान से मारने की धमकी देकर डराया जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि क्षेत्र में चल रहे इस अवैध कारोबार की जानकारी होने के बाद भी अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहे है। ऐसे में अब भूमि स्वामी ने मामले में जांच और कार्रवाई की मांग की है।

बता दें कि क्षेत्र में अंतर्राज्यीय तस्करों का आतंक चरम पर है। तस्कर और उसके गुर्गे भोले भाले ग्रामीणों को अपने झांसे में लेकर उनके पेड़ों की कटाई कर रहे थे लेकिन अब वे बिना अनुमति ही किसी भी ग्रामीण की जमीन पर लगे हुए पेड़ों को काटकर तस्करी कर रहे है। इस दौरान यदि ग्रामीण विरोध करता है तो उसे पहले रूपए का लालच देकर चुप कराने का प्रयास किया जाता है लेकिन यदि कोई लालच में नहीं आए तो उसे जान से मारने, उठा लेने की धमकी देकर पेड़ों की कटाई की जा रही है। ऐसा ही मामला क्षेत्र के रायकेरा से सामने आया है। रायकेरा केनापारा निवासी मेघनाथ राम के अनुसार उसके द्वारा अपने पुश्तैनी जमीन पर समर प्रजारी का पेड़ सुरक्षित रखा था लेकिन सप्ताह भर पहले आतंक के दम पर अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर के गुर्गों ने प्रशासन की अनुमति के बिना उसे कटवा दिया। हद तो तब हो गई जब पेड़ कटवाने से पहले उन्होंने भूस्वामी तक को जानकारी देना उचित नही समझा। इस बात की भनक लगते ही भूस्वामी विरोध पर उतारू हो गया और बिना जानकारी के पेड़ की कटाई का विरोध करने लगा।

**औषधि स्वास्थ्य एवं पुलिस प्रशासन ने दबिश देकर की जांच**

# कोटपा अधिनियम का उल्लंघन, 67 से अधिक संस्थानों पर चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज : जांजगीर-चांपा

औषधि स्वास्थ्य एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा तंबाकूयुक्त पदार्थो के अवैध बिक्री की जांच करने दुकानों में दबिश दी गई। इस दौरान पान मसाला, बीडी सिगरेट व तंबाकू के अवैध बिक्री की जांच की गई। इस दौरान कोटपा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 67 संस्थानों पर चालानी कार्रवाई की।

▪ जांजगीर एवं सक्ती जिले के विभिन्न संस्थानों में संयुक्त रूप से चला अभियान

ज्ञात हो कि कोटपा अधिनियम के तहहत संयुक्त टीम द्वारा जांजगीर चांपा जिले के नवागढ़, बम्हनीडीह ब्लॉक , एवं अकलतरा ब्लॉक मे पान दुकान, बस स्टैंड , रेलवे स्टेशन, स्कूल परिसर के समीप तम्बाकू एवं सिगरेट की बिक्री करने के 55 मामले सामने आए। जिस पर औषधि प्रशासन की टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए 6 हजार से अधिक का जुर्माना वसूल किया गया। साथ ही भीड़भाड वाले स्थानों पर बीडी, सिगरेट, पान मसाला की बिक्री नहीं करने दुकान संचालकों को निर्देशित किया गया। सही दवा शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार अभियान के तहत जिले में कोटपा एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई। इसी प्रकार सक्ती जिले के बाराद्वार क्षेत्र में औषधि निरीक्षक दुर्गेश कैवर्त एंव आरक्षक अयूब खान एवं राजेश्वर कुर्रे की टीम द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से तंबाकू पदार्थों के विक्रय के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया।अभियान के अंतर्गत बाराद्वार में संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों की पहचान कर वहां गुटखा, बीड़ी, सिगरेट, पान मसाला, जर्दा तथा अन्य तंबाकू उत्पादों की अवैध बिक्री पर रोक लगाने हेतु कड़ी कार्यवाही की गई इन स्थानों पर कई विक्रेताओं को कोटपा एक्ट के प्रावधानों का उल्लंघन करते पाया गया, जिनके विरुद्ध मौके कुल 12 चालानी कार्रवाई की गई और 2400 रुपये वसूल किए गए। साथ ही दुकानदारों को धूम्रपान संबंधी चेतावनी चिपकाने एवं सार्वजनिक रूप से धूम्रपान के लिए लाइटर या माचिस नहीं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। कुल मिलाकर देखा जाए तो पुलिस औषधि एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जांजगीर एवं सक्ती जिले में कोटपा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 67 दुकान संचालकों से 8 हजार 4 सौ रुप का जुर्माना वसूल किया गया। सयुक्त टीम में सहायक औषधि नियंत्रक रविंद्र कुमार गेंदले औषधि निरीक्षक हितेंद्र कुमार बांबोड़े औषधि निरीक्षक नेहा मिंज दुर्गेश कैवर्त्य के साथ स्वास्थ्य एवं पुलिस प्रशासन पदाधिकारी उपस्थित थे।



पान मसाला दुकान में कार्रवाई करने पहुंची टीम।

## खबर संक्षेप

### वैभव बने पत्रकार न्याय कल्याण महासंघ के जिला अध्यक्ष



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ पत्रकार न्याय कल्याण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष तिलकराज सलूजा द्वारा पत्रकार वैभव शर्मा को संगठन का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रदेश नेतृत्व ने विश्वास जताया है कि उनके अनुभव, सक्रियता एवं संगठनात्मक क्षमता से महासंघ जिले में और अधिक मजबूत होगा तथा पत्रकारों के अधिकार, सुरक्षा एवं सम्मान के लिए प्रभावी कार्य किए जाएंगे। श्री शर्मा लंबे समय से कोरबा सहित औद्योगिक क्षेत्र में सक्रिय पत्रकारिता करते हुए जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं।

### पेड़ गिरने से तीन मकानों को नुकसान



**कोरबा।** कुसमुंडा क्षेत्र में बुधवार शाम आए तेज आंधी-तूफान ने भारी नुकसान पहुंचाया। कुसमुंडा छठ घाट के पास, वार्ड क्रमांक 20 नेहरू नगर नगर पालिका बांकीमोगरा क्षेत्र में एक विशाल सेमहर का पेड़ अचानक गिर गया, जिससे आसपास के तीन मकानों को गंभीर क्षति पहुंची। स्थानीय लोगों के अनुसार घटना बुधवार शाम करीब 7 बजे तेज आंधी और तूफान के दौरान हुई। अचानक पेड़ गिरने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पेड़ गिरने से जिन लोगों के मकानों को नुकसान पहुंचा है, उनमेंःजोहन पटेल, जानकी धीवर,नारायण शामिल हैं। बताया जा रहा है कि मकानों की छत और अन्य हिस्सों को भारी नुकसान पहुंचा है।घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से जल्द नुकसान का सर्वे कर राहत सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

### बांकीमोंगरा की दीपका ने 10वीं बोर्ड में 97.33 प्रतिशत अंक किया हासिल



**बांकीमोंगरा।** बांकीमोंगरा शक्ति चौक की बेटी ने शानदार प्रदर्शन कर पूरे क्षेत्र को ही नहीं वरन पूरे कोरबा जिले को गौरवान्वित किया है। बिकन स्कूल कुसमुंडा की होनहार छात्रा दीपका कश्यप ने दसवीं बोर्ड की परीक्षा शानदार 97.33 प्रतिशत अंक अर्जित किया है उनकी उस सफलता पर विद्यालय परिवार एवं बांकीमोंगरा में खुशी का माहौल है। प्रारम्भ से ही मेघावी रही छात्रा दीपिका ने इस बड़ी सफलता का श्रेय अपने माता पिता एवं अपने गुरुजनों को दिया है।

### केसीसी का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट



**कोरबा।** विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में कोरबा कम्प्यूटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने एक बार फिर कोरबा शहर में रोशन किया है। समिति के अध्यक्ष एवं महाविद्यालय के निर्देशक राजेश अग्रवाल ने सर्वश्रेष्ट परीक्षा परिणाम के लिए सभी शिक्षकों को बधाई दी है। महाविद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि बी.सी.ए. तृतीय सेमेस्टर में कुमानदनी यादव 79.17 प्रतिशत प्रथम, आस्था गोस्वामी 78.50 प्रतिशत द्वितीय एवं निखिल सिंह मसराम ने 77.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। बी.सी.ए. प्रथम सेमेस्टर से अंशु साहू 80.83 प्रतिशत प्रथम, जयश्री सोनी 80.50 प्रतिशत द्वितीय एवं पलक गुप्ता ने 80.17 प्रतिशत अंको से तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा बीसीए में शामिल सभी परीक्षार्थी शत-प्रतिशत उत्तीर्ण होकर संस्था एवं अपने परिजनो का नाम रोशन किया है तथा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर अपने लक्ष्यों को प्राप्त किया है।

## निधन

### श्रीमती बेबी डे



**कोरबा।** एमआईजी 1/40 रविशंकर शुक्ल नगर निवासी अंजन डे की धर्मपत्नी व लिटिल लैंप इंग्लिश मीडियम स्कूल शिवाजी नगर की शिक्षिका श्रीमती बेबी डे उम्र 40 वर्ष का बुधवार की अलसुबह 3 बजे हृदयाघात से दुखद निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दोपहर 3 बजे पोड़ीबहार मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे पति, ससुर, देवर, देवरानी से भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गयी।

# स्वच्छ सर्वेक्षण की रैंकिंग में शहर को उच्च पायदान पर ले जाना प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों के संबंध में निगम द्वारा किए जा रहे सभी कार्यो को मिशन मोड पर करते हुए तैयारियों को अंतिम रूप दें तथा यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं कि निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप त्रुटिरहित रूप से समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की रैंकिंग में अपने कोरबा शहर को उच्च पायदान पर ले जाना, हम सभी के लिए प्राथमिकता का विषय है, इस दिशा में किसी भी प्रकार की उदासीनता व लापरवाही ठीक नहीं है, अतः स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों पर सभी अधिकारी कर्मचारी मिशन मोड पव टीम वर्क के साथ कार्य करें।

उक्त बातें निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों के संबंध में निगम के अधिकारी कर्मचारियों विशेष कर स्वच्छता कार्य से जुडे. अधिकारी कर्मचारियों, अभियंताओं, सेंटर सुपरवाईजरों व स्वच्छता कमांडों की एक बैठक का आयोजन किया गया। आयुक्त श्री पाण्डेय ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत की जा रही तैयारियों व व्यवस्थाओं की बिन्दुवार विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी के द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के मुख्य बिन्दुओं एवं इस दिशा में अभी तक किए गए कार्यो व तैयारियों का प्रस्तुतीकरण आयुक्त श्री पाण्डेय के समक्ष किया गया। उन्होने तैयारियों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक ओर जहॉं शहर की स्वच्छता व साफ-सफाई की दिशा में पूरी इच्छाशक्ति के साथ कार्य करें, वहीं दूसरी ओर स्वच्छ सर्वेक्षण के विभिन्न बिन्दुओं हेतु निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं।

### निगम आयुक्त के मार्गदर्शन में स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 पर संपन्न हुई कार्यशाला



#### व्यवसायिक क्षेत्रों में नाईट स्वीपिंग

आयुक्त श्री पाण्डेय ने तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मुख्य व्यवसायिक क्षेत्रों में निगम द्वारा रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था लागू की गई है, इसे अनवरत रूप से जारी रखें, पब्लिक प्लेस में सुबह-शाम दिन में दो बार झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की जाए, वहॉं पर लिटरबिन्स स्थापित हैं, यह सुनिश्चित किया जाए, आवासीय क्षेत्रों व स्लम बस्तियों में दिन में एक बार साफ-सफाई के कार्य अनिवार्य रूप से जारी रहें, यह सुनिश्चित किया जाए।

## कलेक्टर से हुई शिकायत में जांच टीम गठित

# नान के गोदाम से निकला चावल नहीं पहुंचा पीडीएस दुकान, जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में पिछले कुछ महीने से चल रहे चावल संकट के बीच चावल के अफरा तफरी का मामला भी सामने आया है। जिसके लिए कलेक्टर ने जांच टीम गठित किए हैं। नान के गोदाम से निकले चावल के पीडीएस दुकान तक नहीं पहुंचने के बाद मामला सामने आया है।

नागरिक आपूर्ति निगम से चावल की आपूर्ति खाद्य विभाग के द्वारा जारी पीडीएस दुकानों की सूची और मात्रा के हिसाब से परिवहनकर्ता के द्वारा की जाती है। अप्रैल महीने के प्रथम सप्ताह में नान के गोदाम से 30 क्विंटल चावल लेकर निकले वाहन के संबंधित पीडीएस दुकान नहीं पहुंचने का मामला उस वक्त सामने आया, जब संबंधित दुकानों के हितग्राहियों के द्वारा चावल नहीं मिलने की शिकायत खाद्य से की गई। इस प्रकरण की शिकायत जनदर्शन में भी कलेक्टर से किए जाने के बाद जांच टीम गठित की गई है। इसके साथ ही चावल का परिवहन करने वाले संबंधित ट्रांसपोर्ट कंपनी के प्रोपराइटर को भी तलब किया गया है। रिकार्ड के अनुसार चावल पीडीएस दुकान तक पहुंचा था, लेकिन दुकान के रिकार्ड में दर्ज नहीं हुआ है। इसे संदिग्ध मानते हुए जांच का आदेश दिया गया है। जिला खाद्य अधिकारी घनश्याम कंवर के द्वारा उक्त प्रकरण की जांच शुरू करते हुए पीडीएस दुकान के रिकार्ड एवं नागरिक आपूर्ति निगम के गोदाम से जारी रिकार्ड का परीक्षण किया जा रहा है।

#### खास बात

- चावल संकट के बीच अफरा तफरी का मामला आया सामने

#### जल्दबाजी में दिया जा रहा 3 माह का चावल एक साथ

तीन माह के चावल को एक साथ देने के कई बार घोषणा किए जाने के बाद भी हितग्राहियों को उक्त पीडीएस दुकानों से दो माह का चावल तो कहीं से एक माह का चावल मिल रहा था। 30 अप्रैल तक चावल भंडारण के निर्देश दिए जाने के बाद मई माह के प्रथम सप्ताह में भंडारण कार्य पूरा होने के बाद तीन माह का चावल एक साथ वितरण शुरू कर दिया गया है किन्तु सभी पीडीएस दुकानों में अभी भी हितग्राहियों को एक साथ चावल नहीं मिलने की शिकायतें विशेषकर ग्रामीण अंचलों से सामने आई है। जिसे में 556 पीडीएस दुकानें हैं। जिसमें 130 दुकानें शहरी क्षेत्र में संचालित हैं। भंडारण नहीं होने के ज्यादातर मामले ग्रामीण अंचलों से ही सामने आ रहे हैं। इन क्षेत्रों में पहुंच विहीन ग्रामों में बरसात पूर्व भंडारण कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

# सर्वमंगला मंदिर परिसर में प्लास्टिक के उपयोग पर लगा अर्थदण्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कार्यवाही करती निगम के कर्मचारी।

प्रतिबंधित प्लास्टिक फ्री जोन सर्वमंगला मंदिर परिसर में स्थित विभिन्न पूजन सामग्री दुकानों में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग आदि का उपयोग करते पाये जाने पर निगम अमले द्वारा 2 दुकानदारों पर 1000-1000 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया तथा उन्हें हिदायत दी गई कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग डिस्पोजल आदि का उपयोग कदापि न करें तथा मॉं सर्वमंगला मंदिर परिसर को प्लास्टिक फ्री जोन बनाये रखने में सहयोग दें।

उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक कैरीबैग डिस्पोजल आदि के विक्रय व उपयोग पर प्रतिबंद लगाया गया है, प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग व डिस्पोजल आदि का उपयोग एक ओर जहॉं स्वास्थ्य के लिये घातक है, वहीं साफ-सफाई व्यवस्था व पर्यावरण पर भी अत्यंत प्रतिकूल प्रभाव डालता है। निगम द्वारा समय-समय पर प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की जाती है तथा लोगों को लगातार समझाईश देकर उन्हें जागरूक किया जाता है कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग डिस्पोजल व अन्य सामग्री का उपयोग कदापि न करे। निगम द्वारा मॉं सर्वमंगला मंदिर परिसर को सितम्बर 2025 से प्लास्टिक फ्री जोन घोषित किया गया है, किन्तु कतिपय दुकानदारों द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग किये जाने की शिकायतें सामने आती रहती हैं, निगम अमले द्वारा आज दुकानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें पूजन सामग्री विक्रेता नरसिंह पटेल एवं नारियल विक्रेता किशन पटेल के द्वारा दुकान में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग का बहुतायत में उपयोग किया जा रहा था, इस पर निगम अमले ने कार्यवाही करते हुये उक्त दोनों दुकान संचालकों पर 1000-1000 रूपये का अर्थदण्ड आरोपित किया तथा उन्हें हिदायत दी कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग न करें।

# पसान में इण्डेन गैस एजेंसी पर कालाबाजारी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पसान स्थित इण्डेन ग्रामीण गैस एजेंसी के संचालक जितेन्द्र सिंह तंवर पर गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और उपभोक्ताओं से दुर्व्यवहार के गंभीर आरोप लगे हैं। परेशान ग्रामीणों ने मंगलवार को कलेक्टर को सामूहिक आवेदन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों ने कलेक्टर को दिए आवेदन में बताया कि एजेंसी संचालक जितेन्द्र सिंह तंवर सिलेंडर स्टॉक में होने के बावजूद उपभोक्ताओं को यह कहकर लौटा देता है कि सिलेंडर नहीं है। इसके बाद वही सिलेंडर बाजार में अत्यधिक कीमत पर बेचकर मोटी रकम वसूलता है। सिलेंडर से भरा ट्रक लोड आने के बाद कुछ ही मिनट मे अपने अलग अलग जगहों पर स्टॉक कर ब्लैक मे कालाबाज़ारी कर सिलेंडर के दर से दोगुने दाम मे बेच कर ज्यादा मुनाफा के लालच मे आम आदमी को इसका भुगतान भुगतना पड़ रहा। इस पर किसी का नियंत्रण नहीं है। इससे पहले भी शिकायत होने के बावजूद 4 से 5 व्यक्ति अपने लोगो को बुला कर जांच के नाम पर लीपा पोती कर जांच एजेन्सी भी मोटी रकम लेकर पल्ला झाड़ लेते है। आवेदन के अनुसार संचालक अपने गोदाम में सिलेंडर न रखकर किसी अन्य जगह पर गैस रखता है। घरेलू गैस कनेक्शनधारियों को भी समय पर गैस देने में आनाकानी की जाती है। नियम से सिलेंडर मांगने पर उपभोक्ताओं को परेशान किया जाता है और पूछताछ करने पर गाली गलौज की जाती है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करेंगे। इस मामले में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन और खाद्य विभाग से भी शिकायत की तैयारी है। कालाबाजारी साबित होने पर एजेंसी का लाइसेंस रद्द हो सकता है।

#### खास बात

- ग्रामीणों ने कलेक्टर से लगाई गुहार, एजेंसी संचालक ने उपभोक्ताओं से की अभद्रता

### पाली शिव मंदिर में 11 मई को विशेष राष्ट्रीय शिखर का आयोजन

**कोरबा।** पाली शिव मंदिर में 11 मई को सोमनाथ में विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में एक विशेष राष्ट्रीय शिखर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी क्रम में कोरबा जिले में भी आयोजन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक तैयारी की जा रही है। कोरबा में पाली शिव मंदिर में इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। साथ ही ग्राम पंचायत, ब्लॉक, तहसील, जिला एवं राज्य स्तर पर स्थित शिव मंदिरों में भक्ति-पूर्ण सांस्कृतिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिले के विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों में भी सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत सोमनाथ संवाद, सेमिनार, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा अन्य सहभागितापूर्ण गतिविधियां आयोजित की जाएगी, ताकि छात्रों और युवाओं की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

# जनमन आवास के निर्माण में आने लगी खामियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



दीवाल से पसीजता पानी।

पीएम जनमन आवास के निर्माण में ठेका कंपनियों के द्वारा निर्माण के दौरान बरती जा रही तकनीकी खामियों का खुलासा मंगलवार बारिश के दौरान हुआ। जब डोकरमना और खम्होन में बनाए गए जनमन आवास के छत से पानी रिस रहा था।

पिछड़ी संरक्षित जनजाति बिरहोर, पंडो और पहाड़ी कोरवा के लोगों को पुराने मकानों से निजात दिलाने के लिए पीएम जन मन योजना के तहत आवास का निर्माण किया जा रहा है। जिनकी देखरेख आवास मित्र और तकनीकी सहायकों के द्वारा की जाती है। इनके द्वारा अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किस तरह किया जा रहा है, इसका उदाहरण जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत आने वाले ग्राम डोकरमना, खम्होन में देखने को मिला। जहां आवास मित्र ही ठेकेदारी करने लगे हैं। पहाड़ी कोरवा परिवार में 25 आवास बनाए जा रहे हैं। इनमें 6 आवास का ढलाई का काम पूरा हो चुका है। मंगलवार मौसम के बदलाव के बाद छत से पानी का रिसाव होने से तकनीकी खामियों का खुलासा हुआ है। स्थिति यह है कि छत की ढलाई करने के बाद दिवालों की छपाई और आवास में फ्लोरिंग का काम भी पूरा नहीं किया गया है।

#### खास बातें

- मंगलवार हुई बारिश से छतों से रिस रहा था पानी
- जनपद पंचायत कोरबा के ग्राम डोकरमना, खम्होन का मामला

#### निरीक्षण की खुल रही पोल

पीएम जन मन आवास योजना प्रधानमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट है। जिसके निर्माण में किसी भी तरह की खामियां न हो सकें इसके लिए विभागीय अधिकारी लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। उसके बावजूद निर्माण के दौरान ठेकेदारों के द्वारा बरती जा रही तकनीकी खामियां अधिकारियों के निरीक्षण की पोल खोलती हैं। जनपद पंचायत कोरबा में तकनीकी सहायक को पीएम जन मन आवास का प्रभारी बना दिया गया है। जिनके द्वारा विभागीय कार्यों के साथ मैदानी क्षेत्र के

# बिजली की आंखमिलौची से शहर सहित उप-नगरीय क्षेत्रों के उपभोक्ता हलाकानः मुकेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर सहित उपनगरीय क्षेत्र दर्री, जमनीपाली, बालको एवं कुसमुंडा में बिजली की आंखमिचौली से उपभोक्ता परेशान है। बिजली घर और ऊर्जाधानी के नाम से पहचान पाने वाला कोरबा इन दिनों दिया तले अंधेरा वाली कहावत को चरितार्थ कर रही है। हल्की हवा चली नहीं कि बिजली गुल की समस्या सामने आ जाती है। बिजली की आंखमिचौली से शहरवासियों का जीना मुहाल हो गया है।



मुकेश राठौर।

उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष मुकेश राठौर ने प्रेस नोट जारी कर कहा है। श्री राठौर ने कहा कि बिजली के आंखमिचौली से एसी, टी व्ही, पंखे, फ्रीज आदि इलेक्ट्रानिक समान खराब हो रहे हैं। लो वोल्टेज की समस्या से लोग परेशान हैं। बढ़ती गर्मी और उमस से लोग हलाकान हो रहे हैं, वहीं कोरबा में बिजली बार-बार बंद चालू हो रही है। जिसकी वजह से रोजाना जनजीवन प्रभावित हो रहा है। घंटों तक बिजली गुल की समस्या बनी रहती है। जानकारी के अनुसार अप्रैल माह में 215 बार से भी अधिक बार विद्युत सप्लाई बंद किया गया। इस प्रकार से यह अघोषित विद्युत कटौती है। श्री राठौर ने बताया कि कांग्रेस शासन के कार्यकाल में तत्कालिन मंत्री जयसिंह अग्रवाल के प्रयास से वर्ष 2022-23 में जमनीपाली-दर्री, एम पी नगर, दादरखुर्द, खरमोरा और पावर हाउस मार्ग में चार सब स्टेशन का निर्माण हुआ था, जिससे बिजली की आंखमिचौली से राहत मिले सके लेकिन जमनीपाली सब स्टेशन अब तक शुरू नहीं हो पाया है। जिसके कारण जमनीपाली क्षेत्र में लो वोल्टेज समस्या के साथ - साथ विद्युत सप्लाई बार-बार बंद किये जाने की शिकायतें मिल रही है। जिलाध्यक्ष मुकेश राठौर ने कहा कि गर्मी के दिनों में यदा-कदा तथा बरसात के दिनों में तेज बारिश और आंधी तूफान से कहीं भी फाल्ट आता है, इसे खोजने में घंटों लगते हैं। सब स्टेशन के शुरू होने से इस समस्या से निजात पाया जा सकता है। श्री राठौर ने बताया कि कोरबा शहर सहित सभी उपनगरीय दर्री-जमनापाली, बालको, कुसमुण्डा क्षेत्र में लगे लगभग सभी ट्रांसफार्मर के पेनल बोर्ड जीर्ण शीर्ण स्थिति में हैं। सभी के दरवाजा (ढक्कन) गायब हैं, ग्रीप गायब हैं, खुले में तार लगाकर काम चला रहे हैं । प्रदेश में बिजली दरों में भारी बढ़ोत्तरी के बावजूद विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत सुविधाओं का सही लाभ नहीं मिल रहा है जिससे जनता में आक्रोश पनप रहा है। कभी भी उग्र प्रदर्शन करने मजबूर हो सकते हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सेजस के 79...

सहायक ग्रेड 2 के अलावा मीडिल एवं प्रायमरी स्कूल के प्राचार्य के रिक्त पदों पर भी भर्ती की जाएगी। जिन स्कूलों में भर्ती किया जाना है उनमें हरदीबाजार, कटघोरा, बालको, पसान, कोरबी, पाली आदि स्थानों के स्कूल शामिल हैं। स्वामी आत्मानंद पंप हाउस स्कूल में केवल एक पद पर भर्ती होगी। शेष सभी पद पर शिक्षक पदस्थ होने से एक भी पद रिक्त नहीं है।

### मौसम की मार...

में डूबा रहा। विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की टीम और रात तक मौके पर डटी रही और रात को लगभग 2 बजे किसी तरह विद्युत व्यवस्था को बहाल किया गया। बताया जाता है कि शिवाजी नगर सब स्टेशन में लगे 5एमवीए का पावर ट्रांसफार्मर में तकनीकी खामी आ जाने की वजह से ऐसी स्थिति निर्मित हुई थी। बुधवार की सुबह विद्युत वितरण विभाग के डीई राजेश चौहान, पाड़ीमार जोन के एई कृष्णचंद जोशी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंचे और इसके बाद 5एमवीए के ट्रांसफार्मर को बदलने की कवायद शुरु कर दी गई है। पावर ट्रांसफार्मर को बदलने में कम से कम 5 से 6 दिन का वक्त लगेगा तब तक मौजूदा स्थिति में निहारिका स्थित नवनिर्मित सब स्टेशन व मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज सब स्टेशन से डॉ राजेंद्र प्रसाद नगर, निहारिका व एमपी नगर में लोड डिवाईड कर विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

### चौबीस घंटे...

जिल्गा सहित अन्य गांव के आसपास के इलाके को करतला सब स्टेशन से विद्युत आपूर्ति की जाती है जबकि चिर्रा सब स्टेशन को पत्थलगांव से विद्युत आपूर्ति की जाती है। चिर्रा सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले आधा दर्जन से अधिक गांव अंधेरे में डूबा हुआ है। बुधवार की दोपहर पत्थलगांव से 33केवी लाईन को चार्ज करने का प्रयास किया गया था लेकिन देर शाम तक 33 केवी का लाईन भी बहाल नहीं हो पायी है।

### कुचेना अंडरब्रिज...

के सहारे पानी निकालना पड़ेगा तो आम जनता को आने वाले दिनों में कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा? कुसमुंडा बाईपास का यह अंडरब्रिज क्षेत्र के लिए सुविधा के उद्देश्य से बनाया गया था, लेकिन पहली ही बारिश में यह परेशानी का कारण बन गया है। अब देखना होगा कि एसईसीएल और प्रशासन इस समस्या का स्थायी समाधान कब तक करते हैं।

**न्यायालय नायब तहसीलदार दीपका**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरिहर दास पिता इतवार जाति पनिका ग्राम भलपहरी तहसील दीपका, जिला कोरबा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम मुडियानार तहसील दीपका खातेदार हरिहर दास पिता इतवार में स्थित भूमि ख.न. 30/16, 36/4, 93/9, 164/3, 171/4, 178/3, 181/3, 202/3, 208/6, 209/3, 216/4, 217/4 कुल रकबा 0.591 हे. भूमि है। एसईसीएल गेवरा परियोजना द्वारा अर्जित कर लिया गया है उक्त भूमि पश्चात आवेदक के द्वारा बी-1 खसरा पाचसला की नकल प्राप्त करने पर जानकारी प्राप्त हुआ कि ख.न. 36/4, रकबा 0.054 हे. भूमि वर्तमान कम्प्यूटर बी-1 खसरा पाचसला में दर्ज होना त्रुटिवश छुट गया है छुट गये हुये खसरा 36/4, रकबा 0.054 हे. भूमि वर्तमान कम्प्यूटर बी-1 खसरा पाचसला में दर्ज करने बाबत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के समक्ष प्रस्तुत आवेदन पत्र जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

उक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 15/05/2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथि के बाद में प्रस्तुत आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 28/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से ईश्तहार जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**दीपका**
**जिला कोरबा (छ.ग.)**



# 90 निगरानी एवं गुंडा बदमाशों की एएसपी ने ली परेड, थर्राए गुंडे

## अपराध से दूर रहकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने की दी गई समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले की सड़कों पर दहशत फैलाने वाले गुंडे-बदमाशों को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बुधवार को कतार में खड़े थे, तो उनका रौब गायब था। सामने थे एडिशनल एसपी लखन पटले, और लहजा था साफ सुधर जाओ, वरना सुधारने का तरीका हमें आता है। जिले के 90 से ज्यादा निगरानीशुदा बदमाशों की परेड लेकर पुलिस ने बता दिया कि अब अपराध का हिसाब सड़क पर नहीं, सीधे थाने में होगा। सभी निगरानी एवं गुंडा बदमाशों को कड़ी हिदायत देते हुए अपराध से दूर रहने, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा समाज की मुख्यधारा से जुड़कर सम्मानजनक जीवन व्यतीत करने की समझाइश दी गई। उन्होंने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में संलिप्तता पाई जाती है, तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही सभी बदमाशों को अपनी गतिविधियों में सुधार लाकर वैधानिक जीवन अपनाने की नसीहत दी गई। कोरबा पुलिस द्वारा प्रत्येक हिस्ट्रीशीटर एवं निगरानी बदमाश की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है। थाना एवं चौकी स्तर पर पुलिस कर्मियों को उनकी निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल प्राप्त कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। कोरबा पुलिस का उद्देश्य केवल अपराधियों पर अंकुश लगाना ही नहीं, बल्कि उन्हें अपराध की दुनिया छोड़कर समाज की मुख्यधारा में वापस जोड़ना भी है, ताकि जिले में शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण कायम रखा जा सके।

**खास बातें**

- जिले के विभिन्न थाना व चौकी क्षेत्र से पहुंचे थे निगरानी बदमाश
- आदत में सुधार नहीं होने पर होगी कार्यवाही




## एसईसीएल प्रबंधन ने मुख्यालय में उच्च स्तरीय बैठक का दिया आश्वासन, आंदोलन स्थगित

# कुसमुंडा खदान में भूविस्थापितों का हल्लाबोल, 5 घंटे थमे मशीनों के पहिए


खदान के भीतर प्रदर्शन करते भूविस्थापित महिलाएं।


चर्चा करते अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के कुसमुंडा खदान से प्रभावित भूविस्थापितों ने अपनी मांगों को लेकर आर-पार की लड़ाई का बिगुल फूंक दिया पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार की सुबह 8 बजे से प्रदर्शनकारियों ने खदान में कोयला खनन और परिवहन कार्य में लगी मशीनों को रोक दिया 5 घंटे तक चले इस चक्काजाम और उग्र प्रदर्शन के बाद प्रबंधन द्वारा मांगों पर सकारात्मक पहल के आश्वासन पर आंदोलन समाप्त किया गया।

एसईसीएल कुसमुण्डा खदान से प्रभावित भूविस्थापितों की मांग है कि अर्जन के बाद जन्म (नीति निर्धारण):- जमीन अधिग्रहण के बाद परिवार में जन्मे सदस्यों के लिए रोजगार और पुनर्वास की स्पष्ट नीति बनाई जाए, वर्षों से लंबित पड़े पुराने मामलों की फाइलें धूल फांक रही हैं जिनका तत्काल निराकरण हो, बलरामपुर दुरपा और अन्य प्रभावित क्षेत्रों में हो रहे गैर-कानूनी कब्जों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, खदान में संचालित आउटसोर्सिंग कार्यों में स्थानीय भूविस्थापितों को प्राथमिकता दिए जाने से संबंधित मांगें प्रमुख थी। बुधवार को भूविस्थापितों द्वारा किए गए चक्काजाम आंदोलन को देखते हुए कुसमुण्डा प्रबंधन के अधिकारियों ने भूविस्थापितों से चर्चा के दौरान उनकी मांगों को जायज मानते हुए आश्वासन दिया है कि पांच दिनों के भीतर सीएमडी (बिलासपुर) स्तर पर एक आवश्यक बैठक आहूत की जाएगी जिसमें विस्थापितों की नीतिगत समस्याओं का स्थायी निराकरण खोजा जाएगा, कोयला और मिट्टी उत्खनन कार्य में लगी आउटसोर्सिंग कंपनियों में 15 भूविस्थापितों को स्थायी रूप से रोजगार देने की मांग पर प्रबंधन ने मुहर लगाई है एक सप्ताह के भीतर इन्हें काम पर रखने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। आंदोलन का नेतृत्व कर गोमती केवट ने कहा कि यह हमारे हक की लड़ाई है प्रबंधन ने पांच दिनों के भीतर सीएमडी स्तर की बैठक और 15 विस्थापितों को तत्काल रोजगार देने का भरोसा दिया है यदि समय सीमा के भीतर वादे पूरे नहीं हुए तो आंदोलन और भी उग्र होगा। प्रबंधन के ठोस आश्वासन और सकारात्मक रुख के बाद दोपहर 1 बजे भूविस्थापितों ने खदान का कार्य सुचारू रूप से चलने दिया और धरना समाप्त किया।

# ग्रामीणों ने रोका ओबी उत्खनन कार्य, 10 दिनों के भीतर समस्याओं के समाधान का आश्वासन


प्रभावित ग्रामीण जिन्होंने रोका था ओबी का काम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

हरदीबाजार शांतिनगर के समीप खदान विस्तार से आने वाली समस्या जैसे भूजल स्तर का गिरना, हैवी ब्लास्टिंग पर नियंत्रण व खदानों से उड़ती धूल सहित अन्य मांगों को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने ओबी उत्खनन कार्य रोक दिया था। सूचना मिलने पर एसईसीएल दीपका प्रबंधन के भूराजस्व अधिकारी मौके पर पहुंचे जिन्हें ग्रामीणों ने अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। वहीं किसान संघ हरदीबाजार के द्वारा भी पानी, हैवी ब्लास्टिंग,धूल व नौकरी की समस्या को लेकर खदान बंदी आंदोलन की चेतावनी दी गई थी।

इसे लेकर मंगलवार की शाम 5 बजे दीपका सभागार में एसईसीएल प्रबंधन व ग्रामीणों के बीच द्विपक्षीय वार्ता आयोजित की गई। बैठक के बाद बुधवार को एसईसीएल दीपका के माइनिंग जीएम नागेंद्र कुमार साहू, सर्वे मैनेजर डी के साहू, सिविल इंजीनियर नीरज गुप्ता व अनिल पाटले के साथ शांतिनगर के सूखे तालाब का निरीक्षण कर उसे खदान के तलहटी में भरे पानी को पाईप लाइन बिछाकर 10 दिनों के भीतर भरने, शांतिनगर सहित हरदीबाजार में जरुरत स्थानों में सिंटेक्स लगाने, पानी टेंकर की संख्या व फेरा बढाने, खदान का दायरा न बढ़ाने, गहरी न करने, हैवी ब्लास्टिंग पर नियंत्रण रखने, सुरक्षा बाड़ा लगाने जैसे समस्याओं पर स्वयं निरीक्षण कर जल्दी ही इन सभी समस्याओं का निराकरण करने आश्वासन दिया। इस मामले में भाजपा जिला मंत्री अजय दुबे ने कहा है कि दीपका माइनिंग जीएम का निरीक्षण व आश्वासन से अस्वस्थ हैं, यदि आश्वासन पूरा नहीं होनी की स्थिति में ग्रामीणों का विरोध का सामना प्रबंधन को करना पड़ेगा। पूर्व जनपद सदस्य अनिल टंडन ने कहा कि ग्रामवासियों व मोहल्लेवासियों की समस्या का निराकरण कर एसईसीएल के अधिकारी खदान में खनन का कार्य करें, समाधान नहीं होने पर पुनः ग्रामीणों के द्वारा विरोध किया जाएगा। इस दौरान उमेश राठौर, प्रदीप राठौर, लाला राठौर, रामायण यादव, मलगांव के पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती चरण कुंवर, राजाराम राठौर, सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### कुसमुंडा खदान में डंपर ऑपरेटर से मारपीट, काम बंद करने की चेतावनी

**कोरबा।** एसईसीएल की कुसमुंडा कोयला खदान में मंगलवार की रात डम्फर ऑपरेटर और कथित कोयला दलाल के बीच हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया। विवाद इतना बढ़ गया कि डम्फर ऑपरेटर मोहन लाल साहू के साथ मारपीट किए जाने का आरोप सामने आया है। घटना के बाद खदान क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि मारपीट की घटना से नाराज 60, 100 और 240 टन क्षमता वाले डम्फरों के ऑपरेटर बड़ी संख्या में 29 नंबर केडी क्रेशर के पास धरने पर बैठ गए हैं। ऑपरेटरों ने खान प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए सुरक्षा और कार्रवाई की मांग की है। आक्रोशित ऑपरेटरों ने खान प्रबंधक के नाम चार सूत्रीय मांग पत्र भी सौंपा है। मांगों में आरोपियों पर कार्रवाई, ऑपरेटरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और खदान क्षेत्र में बाहरी हस्तक्षेप रोकने जैसी बातें शामिल बताई जा रही हैं। सूत्रों के अनुसार यदि प्रबंधन ने जल्द मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं की तो कुसमुंडा खदान में कामकाज प्रभावित हो सकता है।

### अग्निवीर भर्ती परीक्षा के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ

**कोरबा।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती 2026-27 हेतु भर्ती प्रक्रिया चालू है। अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा निःशुल्क ऑनलाईन प्रशिक्षण दी जा रही है। आनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रम 4 मई से प्रारंभ हो गई है। जो 4 जून तक निरंतर जारी रहेगा। जिला रोजगार अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऐसे आवेदक जो अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु ऑनलाईन प्रशिक्षण में भाग लेना चाहते हैं। वे ई-रोजगार पोर्टल पर पंजीयन करा लें अथवा जिला रोजगार कार्यालय कोरबा से संपर्क करें ताकि उन्हें निशुल्क प्रशिक्षण में शामिल किया जा सके।

### शिक्षकीय, गैर शिक्षकीय के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन 25 तक

**कोरबा।** कार्यालय कलेक्टर एवं अध्यक्ष स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिस स्कूल संचालन प्रबंध समिति जिला-कोरबा द्वारा जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में शिक्षकीय /गैर शिक्षकीय के रिक्त पदों पर संविदा आधार पर विज्ञापन जारी कर 6 मई से 25 जून तक ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया गया है। संविदा भर्ती के संबंध में विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट पर अवलोकन किया जा सकता है।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस 8 को, निःशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में जिले में महिलाओं को कैंसर जैसी गंभीर बिमारी के प्रति जागरूक करने एवं समय पर जॉंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा 8 मई को समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क कैसर जॉंच एवं महिलाओं के संपूर्ण स्वास्थ्य जॉंच हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कैंसर स्क्रीनिंग (ब्रेस्ट कैंसर एवं सर्वाईकल कैंसर की प्रारंभिक जॉच, सामान्य स्वास्थ्य जॉंच, सिकलिंग, थैलेसिमिया, एनीमिया की जॉंच, रक्त चाप और मधूमेह का परीक्षण) तथा महिलाओं की अन्य शारीरिक समस्याओं एवं प्रजनन स्वास्थ्य से संबंधित स्त्रीरोग विशेषज्ञों द्वारा परामर्श दिया जाएगा।

## अवैध 20 पाव देशी शराब के साथ दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोरबा।** जिला पुलिस द्वारा अवैध शराब बनाने व बेचने वालों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत अवैध शराब बिक्री की सूचना पर मानिकपुर चौकी प्रभारी परमेश्वर राठौर व उनकी टीम ने मुखबीर की सूचना पर सुभाष ब्लॉक के दो व्यक्ति अपने एक्टिवा वाहन में देसी मदिरा रखकर कुआंभट्टा देशी शराब भट्टी के पास अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे थे। सूचना पर मानिकपुर पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई। कार्यवाही के दौरान आरोपी सुभाष ब्लॉक सीएच 05, एसईसीएल मानिकपुर निवासी याकुल सोनी, पिता सामवेल सोनी, उम्र 31 वर्ष एवं सुभाष ब्लॉक मानिकपुर निवासी गौरी शंकर चौहान, पिता स्व. अमृतलाल चौहान के कब्जे से 20 पाव देशी प्लेन शराब जब्त किया गया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(1)(क)(ख) के तहत विधिवत कार्रवाई कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

## मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

**कोरबा।** बुधवार की सुबह विद्युत सयंत्र जाने वाले रेलवे ट्रैक पर लगभग एक 25 साल के युवक का शव पड़ा हुआ था जिसे देख आसपास के लोगों के होश उड़ गये। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर कोतवाली पुलिस की टीम पहुंची। पुलिस ने बताया कि मृतक पानी टंकी कोरबा निवासी अजय निषाद पिता सुखराम निषाद के रूप में की गई है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार अजय मानसिक रूप से परेशान चल रहा था।




# निर्माणाधीन रेलवे लाइन से केबल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निर्माणाधीन रेलवे लाईन से केबल चोरी करने वाले गिरोह के 6 सदस्यों को पकड़ने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने केबल वायर व 5 हजार बिक्री रकम जब्त किया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत निर्माणाधीन रेलवे लाइन से लगभग 2सौ किलोग्राम केबल चोरी हो गई थी। जिसकी रिपोर्ट पर दीपका पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की छानबीन शुरु की थी। इस बीच मुखबिर से दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू को सूचना मिली कि कुछ आरोपी चोरी का केबल बेचने के फिराक में घूम रहे हैं सूचना पाते ही दीपका थाना प्रभारी श्री साहू ने अपने टीम के साथ आरोपियों को धरदबोचा। पकड़े गए आरोपियों में कसाईपाली, दीपका निवासी शत्रुघ्न रोहिदास, पिता इंद्रलाल रोहिदास, उम्र 35 वर्ष, परदेसी रोहिदास, पिता रामलाल रोहिदास, उम्र 30 वर्ष, बैसाखू रोहिदास, पिता परशुराम रोहिदास, उम्र 50 वर्ष, शनीराम अगरिया, पिता बहोरन सिंह अगरिया, उम्र 45 वर्ष, राकेश रोहिदास, पिता हीराराम रोहिदास, उम्र 18 वर्ष एवं गोबरघोरा निवासी अनुज महिलांगे, पिता शोभाराम महिलांगे, उम्र 26 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से चोरी का केबल जब्त कर लिया गया है।

## जल्के एवं पहंदा में शिविर आज

**कोरबा।** सुशासन तिहार अंतर्गत 7 मई को प्रातः 11 बजे पोंडीउपरोड़ा विकासखंड के ग्राम जल्के एवं कोरबा क्रे ग्राम पहंदा में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित की जाएगी। इसी तरह 8 मई को विकासखंड पाली के ग्राम बसीबार, 11 मई को पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम बैरा और 12 मई को पाली ग्राम चोढ़ा तथा कोरबा के ग्राम चुईया में शिविर लगेगा।




